राजस्थान पत्रिका 25/4/25

### महिला कॉलेज में मनाया पृथ्वी दिवस

# 'जीवन शैली को बनाएं पर्यावरण के अनुकूल'

**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे के महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्राचार्य कोमल पारीक ने कहा कि पृथ्वी दिवस हमारे ग्रह की सुरक्षा के लिए और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम अधिकारी [illegible] व प्रभारी रमेश मीना ने कहा कि हमें सचेत रहकर अपनी जीवन शैली को पर्यावरण अनुकूल विकसित करनी चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। डॉ. रमेशचन्द मीना ने इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति हमारा ग्रह से अवगत कराया। कार्यक्रम में डॉ. राजू आचार्य, मोहन प्रजापत, सुनील चौधरी, निर्मल जोशी ने भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर विचार रखे।



रूपनगढ़. महिला महाविद्यालय में पौधारोपण कर पृथ्वी दिवस मनाती छात्राएं एवं मौजूद स्टाफ।

मिलेगी राहत

आश्रम पहुंचा। जहां आश्रम के महंत महामंडलेश्वर मदराम ... साथ स्वागत किया गया।

# विवेकानंद महिला कॉलेज में हस्तकला प्रोत्साहन शिविर

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत बंधेज हस्तकला प्रोत्साहन शिविर लगाया गया। कैंप का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, प्रभारी रमेश मीणा एवं स्वयंसेविकाओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने बताया कि बंधेज कला एक प्राचीन भारतीय कपड़ा सजावट की कला है जिसमें कपड़े को बांधने और रंगने की प्रक्रिया शामिल होती है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में कैंप में स्वयंसेविकाओं ने साड़ी, दुपट्टा, स्कार्फ और रुमाल पर बंधेज कार्य ... उन पर रंगाई कार्य किया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ. बी. एल. देवेन्दा और अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर भी ऑनलाइन माध्यम से शिविर से जुड़े। शिविर के अंतिम सत्र में कंप्यूटर माइंड्स अकादमी के संचालक लालचंद द्वारा छात्राओं को डिजिटल साक्षरता, डाटा एंट्री, कौशल विकास में कंप्यूटर कोर्स की भूमिका आदि पर जानकारी दी।




विवेकानन्द महिला कॉलेज में आयोजित शिविर का दृश्य। -मीनाक्षी खण्डेलवाल

### टूटी नाली से फैली गन्दगी

**अराई।** कस्बे में श्रीजी घाटी रोड पर पटवार भवन के पास टूटी नाली से ग्रामीण दुर्घटना का शिकार हो रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत से कई दफा नाली निर्माण करवाने की मांग की गई लेकिन कोई सुध नहीं ली जा रही है। माहेश्वरी मोहल्लावासियों ने बताया कि पटवार भवन के पास में माहेश्वरी मोहल्ला की ओर मोड़ पर बनी नाली एकदम क्षतिग्रस्त हो चुकी है। मोहल्लावासियों ने बताया कि नाली का पानी बाहर निकलने के कारण गन्दगी फैली रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि नाली की सफाई एव दुरुस्तीकरण के लिए अरांई पंचायत से कई बार मांग की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रामपुरा नांद।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के शिष्टमंडल ने पशुपालन विभाग के 30 से अधिक कार्मिकों का निलंबन करने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए निलंबित कर्मचारियों को शीघ्र बहाल नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस दौरान महामंत्री शिवराज चौधरी, संयुक्त महासंघ के जिला मंत्री दीपक चौधरी, पशुपालन विभाग के जिला मंत्री दिलीप राम चौधरी, कोषाध्यक्ष ताहिर जफर, मयंक सैनी, अजय बैरवा, चिरंजीव कुमावत, जितेंद्र सिंह, सुखदेव चोपड़ा, साजन सुनारीवाल, अरविंद कुमार, वीर सिंह सांखला, विकास शर्मा आदि मौजूद थे।

लिए विमानन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं

## एनएसएस शिविर : डिजिटल साक्षरता के बारे में बताया

रूपनगढ़| स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में एनएसएस का शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में शिविर की थीम 'बंधेज हस्तकला को प्रोत्साहन' रही।

प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, प्रभारी रमेश मीणा और स्वयंसेविकाओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने बंधेज कला प्राचीन भारतीय कपड़ा सजावट की विधा है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव डॉ. बी.एल. देवेन्दा और अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ऑनलाइन माध्यम से जुड़े।

दूर

क्रमांक

कार्याल

आवश

ई.एस.

recog

अपने

सहित

समय

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज में फाग महोत्सव मनाया

**रूपनगढ़।** राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार को फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने दीप प्रज्वलित करके महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव में लोकगीत, लोक नृत्य ,भजन, होली नृत्य आदि द्वारा छात्राओं ने भारतीय संस्कृति को आकर्षक तरीके से दर्शाया। छात्राओं ने कृष्ण-राधा के रूप धारण किये तथा सभी छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने फूलों से होली खेली। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने होली त्योहार पर केमिकल रंगों का प्रयोग करने की बजाय हर्बल गुलाल का उपयोग करने पर जोर दिया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार जताया।



# विवेकानंद महिला महाविद्यालय में व्याख्यानमाला




रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता कविता ने ध्यान, सोशल मीडिया के प्रभाव, नैतिक मूल्य और आध्यात्मिकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा ऊर्जा से भरे होते हैं तथा इस ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करते हुए हम देश के प्रति सफल मानव संसाधन सिद्ध हो सकते हैं। अन्य वक्ता हरदयाल ने युवाओं की विचार प्रक्रिया को आकार देने में नैतिक मूल्यों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। तदनन्तर सामूहिक ध्यान और ध्यान केंद्र गतिविधियां करवाई गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेंदा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर तथा प्रभारी रमेश मीणा आदि उपस्थित रहे।

न भजन संध्या का
नारायण बोर्ड अध्यक्ष
संग्राम गुर्जर अतिथि

85 फीट ऊंची और तीन मंजिला होगा। ...
लगभग तीन साल के अंदर पूरा होगा।

# डॉ. देवन्दा गांधी अध्ययन समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष निर्वाचित

**रूपनगढ़।** राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय के निदेशक डॉ. बी. एल. देवेंदा अखिल भारतीय गांधी अध्ययन समिति के राष्ट्रीय कोषाध्येक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। हैदराबाद में आयोजित भारतीय गांधी अध्ययन समिति के अधिवेशन में डॉ. देवन्दा को पुनः जिम्मेदारी सौंपी गई। डॉ. देवन्दा दिसंबर 2023 से समिति के कोषाध्यक्ष हैं और लगातार 2027 तक समिति के कोषाध्यक्ष रहेंगे। समिति के अन्य पदाधिकारीयों में अध्यक्ष पद पर डॉ सुधीर चंद्र जेना, उड़ीसा, महासचिव डॉ सीताराम चौधरी राजस्थान, संयुक्त सचिव डॉ सुनील महावर मोतीहारी बिहार तथा संपादक डॉ प्रीति शर्मा गुजरात से चुने गए। डॉ. देवन्दा ने अधिवेशन के पांचवें तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए वर्तमान परिदृश्य में गांधीवादी पत्रकारिता में नैतिकता और मूल्यों की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. देवन्दा के कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने पर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्य कोमल पारीक और रानू वार्ष्णेय सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की।




## पुण्यतिथि



**महेश कुमार** (6वीं पुण्यतिथि)

आप हमारे बीच में नहीं है, आपका आशीर्वाद हमारे साथ है। सभी [redacted] तरफ से श्रद्धांजलि शत्-शत् नमन।

हुन्दलानी परिवार, चावला परिवार, मंगलानी परिवार।

कैसे शहर के विकास कार्य हो पाएंगे।

गोयर, विजय करालया, राहुल, लाखन,

# सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में मंगलवार को एनएसएस इकाई द्वारा संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं रमेश मीणा रहे।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं व स्टाफ सदस्यों द्वारा योग मेडिटेशन व सामूहिक कीर्तन किया गया।

द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने ग्राम पंचायत रूपनगढ़ का भ्रमण किया। रूपनगढ़ सरपंच इकबाल छीपा और कनिष्ठ सहायक लक्की मंघानी ने स्वयंसेविकाओं को ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। ग्राम सभा, सामाजिक अंकेक्षण, मनरेगा योजना, जन्म-मृत्यु पंजीयन आदि विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। तृतीय सत्र में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता स्वयंसेविकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

डॉ. कोमल पारीक ने कहा कि स्वैच्छिक समुदाय सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व वह चरित्र का विकास होता है। इसके बाद बारी-बारी से स्वयंसेविकाओं ने अपने शिविर के सातों दिवस के अनुभव को सभी के साथ साझा किया।

अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने शिविर के सातों दिवस का संक्षिप्त ब्यौरा प्रस्तुत किया तथा शिविर में भाग ले रही सभी स्वयंसेविकाओं का आभार किया।

रा

भास

राजकी
नई
आत्म
व राष्
में क
जिसक
व आ
मुख
उपाध्
सीक
कुमा
शर्मा
वक्त
अका
कार्य
कॉले
ने व
पैनो
किय
भार
प्रस्त
शम
आ

दैनिक भास्कर

18/01/25



# शिविर में छात्रों को दिए सुरक्षा के गुर

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित शिविर में शुक्रवार को छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के प्रथम सत्र में राजस्थान पुलिस अजमेर से आई कांस्टेबल द्रौपदी ने स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के विविध टिप्स और पंच सिखाए।

कांस्टेबल सुमित्रा ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और महिलाओं की सुरक्षा संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स की सूची दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने स्वयंसेविकाओं को महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं के मानसिक स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए योग, मेडिटेशन व सामूहिक कीर्तन का आयोजन किया गया। सुनीता चौधरी ने स्वयंसेविकाओं को योग व मेडिटेशन करवाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने सभी को सामूहिक कीर्तन के महत्व से अवगत करवाते हुए बताया कि इससे मानसिक तनाव को कम तथा नकारात्मक विचारों को दूर कर स्वयं में सकारात्मक ऊर्जा संचारित की जा सकती है। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया। स्वयंसेविकाओं के मध्य रचनात्मकता के विकास हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मार्स ग्रुप ने प्रथम और लक्ष्मीबाई ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक खेल का आनंद लिया। प्रभारी रमेश मीणा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।



रूपनगढ़. स्वामी विवेकानंद महिला कॉलेज में आयोजित शिविर का दृश्य।

# छात्रों को दिए सुरक्षा के गुर



न्यूज सर्विस/नवज्योति, रूपनगढ़

राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में आयोजित शिविर में शुक्रवार को छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए।

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के प्रथम सत्र में राजस्थान पुलिस अजमेर से आई कांस्टेबल द्रौपदी ने स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा के विविध टिप्स और पंच सिखाए। कांस्टेबल सुमित्रा ने छात्राओं को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया और महिलाओं की सुरक्षा संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स की सूची दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने स्वयंसेविकाओं को महिला अधिकारों के बारे में जानकारी दी। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं के मानसिक स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए योग, मेडिटेशन व सामूहिक कीर्तन का आयोजन किया गया। सुनीता चौधरी ने स्वयंसेविकाओं को योग व मेडिटेशन करवाया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने सामूहिक कीर्तन के महत्त्व से अवगत कराया। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया। रंगोली प्रतियोगितामें मार्स ग्रुप ने प्रथम और लक्ष्मीबाई ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्वयंसेविकाओं ने सामूहिक खेल का आनंद लिया। प्रभारी रमेश मीणा ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

यों की उपस्थित रहे।

क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

# ग्रामीण परिवारों का सर्वेक्षण कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के तहत दूसरे दिन राई का बाग क्षेत्र में कैंप का कार्य किया गया। स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव में बसे ग्रामीण परिवारों की महिलाओं से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

शिविर के दूसरे सत्र में राधेरानी तिवारी द्वारा छात्राओं को मेडिटेशन करवाया गया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं एवं व्याख्याता ने एनएसएस के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने समाज सेवा और कर्तव्य बोध पर व्याख्यान दिया। स्वयंसेविका रुखसार बानो और ज्योति सोलंकी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और दर्शन के बारे में जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि एनएसएस स्वयंसेविकाएं इस बार एक बस्ती-एक परिवार-एक स्वयंसेविका का लक्ष्य लेकर सामुदायिक सेवा में अच्छा कार्य करने को प्रयासरत रहें। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया जिसमें समूह 1 ने सबसे अच्छी सफाई की। म्यूजिकल चेयर रेस में सोनिका वैष्णव विजेता रही। अंत में सामूहिक भोज हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ कोमल पारीक, डॉ रानू वार्ष्णेय, सभी व्याख्याता व स्वयंसेविकाओं के साथ उपस्थित रहे।

कमरे में सिगडी जलाकर

# राष्ट्रीय युवा सप्ताह में विशेष शिविर का शुभारंभ

भास्कर न्यूज, रूपनगढ़|

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा सप्ताह के मौके पर सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक , डॉ रानू ...यि, रमेश मीणा एवं स्वयं सेविकाओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए समय का सदुपयोग और अनुशासन बेहद जरूरी है तथा इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के मंच से विद्यार्थियों को जोड़ा जाता है ताकि शिक्षा के साथ इन गुणों का विकास भी हो। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने शिविर की रूपरेखा स्वयंसेविकाओं को समझाते हुए बताया कि आप लोग पूरे शिविर के दौरान श्रमदान, रचनात्मक गतिविधियों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों में उत्साह पूर्वक भाग ले एवं लोकतांत्रिक जीवन के मूल्यों को सीखे और आगे जाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे। स्वयं सेविका ज्योति सोलंकी और रिंकू कंवर ने अपने विचारों में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को रेखांकित किया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया गया। स्थानीय पुलिस थाना टीम के सदस्यों हेड कांस्टेबल मामराज, कांस्टेबल हीरालाल, किशोर एवं महिला कांस्टेबल गीता ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं महिला कानून की सामान्य जानकारी प्रदान की। मानसिक शक्ति के विकास और एकाग्रता हेतु निर्मला लोधी ने मेडिटेशन और ओम ध्वनि का उच्चारण करवाया।



रूपनगढ़ में बुधवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

शिविर के प्रथम दिवस के दूसरे सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया जिसमें सभी जगह पर साफ सफाई की गई जिसमें समूह 5 की स्वयंसेविकाओं द्वारा सबसे अच्छी सफाई की गयी। तत्पश्चात शारीरिक स्फूर्ति हेतु दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम सत्र में स्वयंसेविकाओं के मध्य समूह चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने अपने विचार साझा किये तथा वैचारिक सहिष्णुता तथा असहमति प्रकट करने के तौर तरीकों को सीखा। स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वयं के लिए भोजन तैयार किया गया तथा सामूहिक रूप से भोजन किया गया। राष्ट्रगान के साथ शिविर के प्रथम दिवस के कार्यक्रम का समापन किया गया।

# कर्तव्य बोध पखवाड़े के तहत संगोष्ठी

भास्कर न्यूज | मदनगंज किशनगढ़




# साझेदारों ने नहीं लौटा

मदनगंज-किशनगढ़| फर्म के साझेदारों द्वारा साझेदारी खत्म करने के बाद वाहन वापस नहीं देने का मामला

...महाविद्यालय, रूपनगढ़
(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्यूकेशन सोसायटी, जयपुर)

# स्वामी विवेकानंद की जीवनी से लें प्रेरणा





## राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, नसीराबाद**

गोविंद सिंह गुर्जर राजकीय महाविद्यालय में विवेकानंद केंद्र कन्या कुमारी शाखा अजमेर द्वारा समर्थ भारत पर्व के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व विषय पर स्लाइड शो एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर करुणा सौभागवत एवं सुरेन्द्र शक्तावत रहे। उन्होंने ने विद्यार्थियों को विवेकानंद की जीवनी से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्रभारी संजय कनौजिया ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी कनौजिया और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुधा मित्तल ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं विचार लेखन प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक डॉक्टर महेंद्र गंका, विनय शर्मा, प्रेमराज चौधरी, शारदा मीणा ने विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. मधु जैन, राजेश शर्मा, प्रेमराज चौधरी, अनिता रायसिंघानी भी उपस्थित रहे।

**रामसर।** निकटवर्ती ग्राम डबरेला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। समारोह में प्रधानाचार्य मंजू कंवर ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। उप प्रधानाचार्य डॉ. रामदयाल बैरवा ने स्वामी विवेकानंद के उपदेशों और आदर्शों की वर्तमान में प्रासंगिकता बताई। प्राध्यापक कमरूद्दीन खान चौहान ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित केरियर डे का महत्व बताते हुए विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। इस दौरान प्राध्यापक राजेंद्र कुमार, वरिष्ठ अध्यापक भंवर लाल गुर्जर, शिवराज बैरवा, गिरधारी लाल, संगीता शर्मा, अर्चना श्रीवास्तव, दिनेश कुमार अग्रवाल, राम सहाय जाट, रतन लाल प्रजापत आदि मौजूद थे।

**जोनाया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में केरियर सप्ताह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। प्रधानाचार्य प्रकाश जांगिड़ ने स्वामीजी के ...




अध्यापक कैलाश चौधरी, अध्यापिका सुनिता मीणा आदि ने उपयोगी जानकारी दी। इस दौरान महेंद्र सिंह चौधरी, वासुदेव सिंह, रमेश जांगिड़, प्रियंका शर्मा, सुशीला मीणा, मोहम्मद इरफान, शारीरिक शिक्षक विजय पारीक, शिवप्रसाद भांभी आदि मौजूद थे।

**चौसला-मेवदाकला।** मेवदाकला के राजकीय उच्च माध्यमिक में स्वामी विवेकानंद जयंती पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। व्याख्याता ज्योति शर्मा ने प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी और विभिन्न सेवाओं के संवर्गों, व्याख्याता घीसालाल चौधरी ने हिंदी विषय के महत्व पर और वरिष्ठ अध्यापिका अदिति चौधरी ने विज्ञान वर्ग के विषयों के चयन और उनके भविष्य में विभिन्न सेवाओं में उपयोगिता पर प्रकाश डाला। व्याख्याता प्रिया पालीवाल ने छात्रों को शिक्षा क्षेत्र में करियर बनाने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य रामधन कुम्हार ने भारतीय सेना में करियर के अवसरों और उसकी तैयारियों पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने करियर से संबंधित चार्ट प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शिशुपाल जाट ने किया। इस मौके पर गोपाल लखारा, सुरेश चौहान, आसाराम चौधरी, कमलेश त्रिपाठी, वंदना शर्मा और कल्पना शर्मा आदि मौजूद थे।

## महिला कॉलेज में युवा सप्ताह समारोह आरंभ

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सोमवार से राष्ट्रीय युवा सप्ताह समारोह का आरम्भ हुआ। समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेंदा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर व प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने मां सरस्वती एवं विवेकानंद के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा व महाविद्यालय प्राचार्य ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि एकल व सामूहिक नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

निकटवर्ती ग्राम सुरसुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को केरियर डे मनाकर स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्य मधु भांड की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख वातार्कार शिक्षाविद हरिवल्लभ वैष्णव ने तनाव प्रबंधन के बारे में बताया। गौरी शंकर सैनी ने बीमा क्षेत्र में केरियर के बारे में जानकारी दी।

**पुष्कर।** गायत्री शक्तिपीठ कन्या महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। प्राचार्य डा. सुरेश वैष्णव व कार्यक्रम अधिकारी विजयलक्ष्मी शर्मा ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। छात्रा अक्षिता पाराशर, सुनीता कालिया ने भी अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर कॉलेज में प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया।

**श्रीनगर।** बीर चौराहा स्थित हुकुमचंद महाविद्यालय में युवा दिवस पर प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रवक्ता आराधना माहेश्वरी ने कहा कि युवा असीमित क्षमता के साथ भारत की प्रगति और नवाचार की ऊंचाइयों पर ले जाने की शक्ति रखते हैं। युवा दिवस युवाओं को देश के विकास में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में सनोवर, कनिका, वंशिका, महेश, कुसुम ने अपने भाषण के माध्यम से बताया कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके उपरांत इंडोर गेम में शतरंज, कैरम खेला गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश शर्मा ने धन्यवाद जताया।

अधिकारी कार्मिक एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

## 'अहिल्याबाई के जीवन से लें प्रेरणा'



**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की जयन्ती समारोह पूर्वक मनाई गई। प्राचार्य डॉ. आर.एन. चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए।

इसी प्रकार स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में भी एबीआरएसएम. के तत्वावधान में होल्कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की। व्याख्यान माला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. रामनिवास चौधरी ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व का विस्तार से परिचय दिया। 7 कार्यक्रम मे विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि अहिल्याबाई का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायी एवं चरित्र निर्माणकारी था। स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रभारी रमेश मीना व व्याख्याता फराह ने कहा कि महाविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रमों से जीवन में सकारात्मक एवं विषम परिस्थितियों में भी प्रेरणा मिलती है।

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**ब्यावर @ पत्रिका.** बहुजन समाज पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि डॉ. अंबेडकर विरोध वक्तव्य को लेकर अमर्यादित और उपहासपूर्ण शब्दों के प्रयोग होने से देशभर के सभी वर्गों में रोष है। जिलाध्यक्ष

# महिला कॉलेज की छात्राओं को स्कूटी वितरित

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की छात्राओं को कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना/देवनारायण छात्रा स्कूटी योजना के तहत सोमवार को स्कूटी का वितरण किया गया। कॉलेज में बीए सेमेस्टर 3 में अध्ययनरत छात्राओं सुरसुरा निवासी अंजलि सैनी पुत्री दुर्गालाल माली एवं शीतल पुत्री हरिराम को स्कूटी प्रदान की गई। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने छात्राओं को जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए कठिन परिश्रम करने पर जोर दिया। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं डॉ. रानू वार्ष्णेय ने कॉलेज क्षेत्र की समस्त छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु निरंतर प्रयासरत है।



पवार, ट्रेनर सदीक मोहम्मद, मोतीलाल चौहान आदि ने खुशी जाहिर की।

# शैक्षणिक भ्रमण पर गया छात्राओं का दल



**रूपनगढ़।** राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की छात्राओं का दल शैक्षणिक और पर्यटन दौरे पर जैसलमेर गया। प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि महाविद्यालय स्टॉफ एवं छात्राएं तीन दिवसीय शैक्षिक भ्रमण पर गत रात्रि जैसलमेर रवाना हुई। भ्रमण यात्रा को निर्देशित करते हुए प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि छात्राओं ने भारतीय सेवा वॉर म्यूज़ियम, रुणिचा रामदेवरा, सोनारगढ़ किला, पटवों की हवेली, गड़ीसर झील, तनोट माता मंदिर, लोंगेवाला तथा कुलधारा हांटेड विलेज का भ्रमण किया। तत्पश्चात रेगिस्तान सम क्षेत्र में सांस्कृतिक संध्या का आनंद उठाया। सचिव डॉ. बीएल देवेंदा ने वीडियो संदेश में विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए शैक्षिक भ्रमण का महत्व समझाया। इससे पूर्व महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया।

विभाग के हजारीलाल भी उपस्थित रहे। इसके अलावा महाविद्यालय में कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति शर्मा ने किया।

# महिला कॉलेज में एनएसएस शिविर

रूपनगढ़। राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को एनएसएस का एक दिवसीय द्वितीय शिविर लगाया गया। शिविर का महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा और अध्यक्षा बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्वलित कर उद्‌घाटन किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने एड्स के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने और समाज में जागरूकता फैलाने की महती आवश्यकता जताई। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने एनएसएस स्वयंसेविकाओं से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया। शिविर के द्वितीय सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया। प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति फैली भ्रांतियां के बारे में बताया।




...गर, आई.जी. ऑफिस के पास, कांकरदा, जयपुर रोड, अजमेर से मुद्रित एवं
...RNI-3575/57. E-mail: news.ajmer@dnavajyoti.com, जयपुर कार्याल...
...s.jaipur@dnavajyoti.com, कोटा कार्यालय : 2, रावतभाटा रोड, कोटा। फोन
...291-2949300, 2944630, 3554974, E-mail: news.jodhpur@dnavajyot...

रजि. नं. 144/जयपुर/2008-09

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़

मोबाइल : 9314618091

(संचालित मनु सोशियल वेलफेयर एण्ड एज्युकेशन सोसायटी, जयपुर)

राई का बाग, परबतसर रोड, रुपनगढ़, अजमेर-305814

E-mail : info.bldevanda@yahoo.com

2/12/2024

...6 शुभ रंग...बादामी : समय के साथ कार्यशैली ...ा पड़ेगा। साझेदारी में नए काम की रूपरेखा बन ... से अचानक मुलाकात रिश्ते में बदल सकती है।

अंक... रंग...नारंगी : लक्ष्य प्राप्त करने में ... सौदे हाथ आने से लाभ के आसार बनेंगे। बुजुर्गों ... चिंता रहेगी। यात्रा कार्यक्रम निरस्त हो सकता है।

अंक...8 शुभ रंग...सफेद : विवादास्पद मामले ...य और उलझ सकते हैं। कॅरियर में बदलाव की ... सकती है। मांगलिक आयोजन प्रसन्नतादायी रहेंगे।

अंक...2 शुभ रंग...नीला : बातचीत में सावधानी ...की बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। ... काम के तरीकों से नाराज हो सकते हैं। शांत रहें।

...1 शुभ रंग...हरा : अनजान लोगों पर भरोसा ...है। विरोधियों की साजिश उजागर होने से नुकसान ... तय कार्यक्रम में बदलाव से नुकसान संभव है।

...7 शुभ रंग...लाल : छोटी-छोटी बातों को तूल ...रियां आ सकती हैं। काम को समय पर करने की ... के सामान पर भारी खर्च की संभावना बनेगी।

...क...4 शुभ रंग...स्लेटी : सामाजिक जीवन में ... बढ़ेगी। अपने मधुर व्यवहार से लोगों को अपना ...रियों से तालमेल बैठाने में सफलता मिलेगी।

...5 शुभ रंग...भूरा : व्यर्थ के कार्यों में समय ...। मह... मामलों में समझदारी से काम लें। ...त सुखद रहेगी। शत्रु पक्ष परेशान कर सकता है।

...ई-प्ले-718

## एड्स के खिलाफ एकजुट होकर लड़ें लड़ाई, समाज में फैलाएं जागरूकता

### एनएसएस का द्वितीय एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़




रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को एड्स दिवस पर जागरूकता प्रसार हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉक्टर बी एल देवेंदा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्वलित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कोमल पारीक ने बताया कि एड्स के खिलाफ एकजुट होकर लड़ाई लड़ने और समाज में जागरूकता फैलाने हेतु इस शिविर का आयोजन किया गया है। डॉ रानू वार्ष्णेय ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेविकाएं इन कार्यक्रमों से सीखे और एड्स से संबंधित फैली भ्रांतियां को समाज से दूर करें। शिविर के द्वितीय सत्र में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्र में श्रमदान किया। शिविर के तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर ग्रामीण जनों को एचआईवी एड्स के संबंध में जानकारी प्रदान की तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एड्स के प्रति फैली भ्रांतियां को दर्शाया। इस प्रस्तुति ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी और समाज में सहानुभूति, स्वीकृति और समावेशन का महत्वपूर्ण संदेश दिया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन किया गया।

...रूकता ...सत्र में ...विद्यालय ...रूकता ...र्यक्रमों ...कार्यक्रम ... किया। ...ी प्रदान ...री छाप ... में सभी ... राष्ट्रगान

## ाज का पंचांग

• पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

ा त्रयोदशी गुरुवार संपूर्ण दिनरात रहेगी,
, हिजरी 1446, मुस्लिम माह जमादि
क्षणायन, हेमंत ऋतु, 28 नवंबर।
नक्षत्र प्रातः 07:36 तक रहेगा, इसके
योग सायं 04:01 तक रहेगा, इसके बाद
07:32 तक रहेगा, इसके बाद वणिज

-वृश्चिक, चंद्र-तुला, मंगल-कर्क,
शनि-कुंभ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि

:00 तक रहेगा।
जरूरी हो तो तुलसी का पत्ता खाकर या
ात्रा कर सकते हैं।
से 08:19 तक शुभ का, प्रातः 10:56
:15 से 02:52 तक लाभ व अमृत
शुभ का चौघड़िया रहेगा।
गी 4 में दोपहर 02:31, प्रदोष व्रत,

### ों के नामाक्षर व राशि

| | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|
| रजत | तुला | री |
| रजत | तुला | रू |
| रजत | तुला | रे |
| रजत | तुला | रो |
| रजत | तुला | ता |

# स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की छात्रा पूजा ने जीता कांस्य पदक

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की छात्रा ने एथलेटिक्स में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी दबदबा बनाते हुए 37वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के सौजन्य से अजमेर के दयानंद कॉलेज में संपन्न हुई प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा चौधरी ने ट्रिपल जम्प में तृतीय स्थान प्राप्त किया।




रूपनगढ़ में विजेता छात्रा का अभिनंदन करते हुए कॉलेज के पदाधिकारी।

महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्रा को सम्मानित कर बधाई दी। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा ने कहा कि यह छात्रा की कड़ी मेहनत व अडिग प्रयासों का परिणाम है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने कहा कि कॉलेज छात्रा द्वारा इस उपलब्धि को हासिल करने पर गौरवान्वित महसूस करता है और भविष्य के लिए छात्रा को शुभकामनाएं देता है।

## जैन मंदिर में हुआ शांतिनाथ विधान का आयोजन

**अजमेर|** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर समिति, सोनीनगर अजमेर में मन्दिर स्थापना दिवस रजत वर्ष के अवसर पर श्री शांतिनाथ भगवान के नित्य नियम अभिषेक व शांतिधारा का कार्यक्रम हुआ। प्रवक्ता संजय कुमार जैन ने बताया कि पुण्यार्जक कमल कुमार, कलश कुमार बाकलीवाल रहे। 72 अर्घ श्रीफल मांडने पर समर्पित किये गये। डॉ. राजकुमार गोधा ने बताया कि शांतिनाथ भगवान जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर हैं जो तीन पद के धारी थे चक्रवर्ती, कामदेव और तीर्थंकर पदवी सुशोभित थे। सुमेरचंद बज, दीपक दोसी, मनोज कासलीवाल, प्रकाश गोधा, ललित पाटनी, सुनीता कासलीवाल, सीमा जैन, सुलोचना गोधा, निर्मला पाटनी, ममता दोसी, निशा सेठी, मीनाक्षी कासलीवाल आदि मैजूद रहे। रात में 108 दीपकों से महाआरती एवं भक्तामर पाठ सामूहिक रूप से किया गया।

व्याख्यान, ट्रेकिंग जैसी गतिविधियों में प्रतिभागी रहे। कॉलेज स्काउट गाइड रेंजर प्रभारी सृष्टि असाटी व सुगंधा मंत्री ने बताया कि इस कैंप में 22 रेंजर्स ने प्रथम सोपान पूर्ण किया एवं आगामी कैंप के लिए योग्य होंगे। इससे रेंजर राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति अवार्ड तक की यात्रा पूर्ण करता है। यह कैंप ... मार के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

# राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ

**रूपनगढ़**। स्थानीय राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार से कौमी एकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। सचिव डॉ. बी. एल. देवेंदा व अध्यक्ष



बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने कहा कि देश में हर धर्म संप्रदाय के लोग आपसी एकता कायम कर राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि कौमी एकता सप्ताह में अल्पसंख्यक समुदाय दिवस, भाषायी सौहार्द दिवस, कमजोर वर्ग दिवस, सांस्कृतिक एकता दिवस, महिला उत्थान दिवस व पर्यावरण जागरूकता दिवस मनाए जाएंगे। व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलवाई। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

उदघाटन के तुरंत बाद बंद हो गई ...

# महिला कॉलेज में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़



रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को 'शिक्षा में नवीन रुझान' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रोफेसर डॉ रवि प्रकाश आर्य का स्वागत प्राचार्य डॉ.कोमल पारीक एवं महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत द्वारा संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों के सम्मुख नई शिक्षा नीति, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, चरित्रवान शिक्षा, मानव संसाधन विकास पर विस्तार से चर्चा की। व्याख्यान पश्चात विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा विचारोत्तेजक प्रश्नों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसे डॉ रवि प्रकाश आर्य द्वारा अत्यंत धैर्य व उत्साह के साथ उत्तरित किया गया। तत्पश्चात माय भारत आउटरीच प्रोग्राम के लिए एच एस मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल एवं बालाजी इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस स्वयंसेविकाओं को ले जाया गया। महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने आउटरीच प्रोग्राम में माय भारत पोर्टल के उद्देश्यों एवं लक्ष्य के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी ने विद्यार्थियों को माय भारत पर अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु प्रेरित कर विकसित भारत के निर्माण में योगदान की अपील की।

# खेल प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन

# नालियों के निकासी को लेकर ज्ञापन

कार्यकर्ता आगामी होने वाले संगठन के चुनावों में हिस्सा लेने के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। मंडल अध्यक्ष भींचर ने संगठन के कार्य को

प्रजापत, देवराज बैरवा, सदस्यता अभियान संयोजक पवन साहू, हनुमान गुर्जर, दिग्विजय सिंह आदि ने संबोधित किया।

# अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व व कृतित्व की दी जानकारी

**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे की राजकीय महाविद्यालय में अहिल्याबाइ होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष पर ए.बी.आर.एस.एम. के तत्वावधान में अखिल भारतीय स्तर पर हो रही व्याख्यानमाला के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य रामनिवास चौधरी ने की। मुख्य वक्ता लोकेश जोशी रहे। चौधरी ने अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी दी।

इसी प्रकार राइका बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। शिक्षा में नवीन रुझान विषय पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के प्रो. रवि प्रकाश आर्य थे। उन्होंने विद्यार्थियों के सम्मुख नई शिक्षा नीति, चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम, चरित्रवान



शिक्षा, मानव संसाधन विकास पर चर्चा की। व्याख्यान पश्चात विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा विचारोत्तेजक प्रश्नों की श्रृंखला आयोजित की गई।

आर्य का स्वागत प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा किया गया। व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत ने संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। महाविद्यालय में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं ने आउटरीच प्रोग्राम में माय भारत पोर्टल के उद्देश्यों एवं लक्ष्य के बारे में जानकारी दी।

झांकी सजाई गई तथा ब्रह्म घाट पर

# गरबा महोत्सव का आयोजन



भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में नवरात्र के मौके पर गरबा महोत्सव का शानदार आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि सर्वप्रथम महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, डॉ रानू वार्ष्णेय सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्राओं द्वारा मातारानी की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। छात्राओं एवं अध्यापकों ने गरबा की शानदार प्रस्तुति करके माता की आराधना एवं भक्ति की व कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने सभी को नवरात्रि की बधाइयां देते हुए कहा कि इस प्रकार के उत्सव के जरिए हम भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए रखेंगे और इसका हस्तांतरण करते हुए देश की एकता अखंडता और शांति को बनाए रखने हेतु सदैव प्रयासरत रहेंगे। गरबा महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं में बेस्ट वेशभूषा व बेस्ट डांसर के रूप में छात्राओं पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रभारी रमेश मीणा ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# पोषण अभियान कार्यक्रम आयोजित

**रूपनगढ़।** राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को पोषण अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में स्वयंसेविकाओं को माय भारत किट्स का वितरण किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेन्दा और अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर ने छात्राओं को व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ पोषक आहार का महत्व समझाया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं को आंगनवाड़ी कार्यालय ले जाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता शर्मा ने महिलाओं और बच्चों में कुपोषण दर, पोषण सूचकांक, आंगनबाड़ी द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में बताया। आंगनवाड़ी सहायिका मधुबन बाला ने पोषण आहार एवं मिलेट्स पर जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि पोषण की न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होती है अपितु यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। छात्राओं द्वारा पोषण के संबंध में विभिन्न प्रश्न पूछे गए जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक, डॉ. रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा, समस्त स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




# केंद्रीय मंत्री चौधरी का किया स्वागत

...लीय बला समाचार पत्र के ...लिक थे और हृदय रोग के कारण ...

...रिसर्च एवं सोशल डवलपमेंट संस्थान के संयुक्त तत्वावधान

मदनगं...

राज... राजकी... विवेका... की ओ... दिवस ... स्वतंत्र ... स्वामी ... है जान...

मुख... विवेका... पर जोर... एवं देश... जरूरत... विवेका... आनंद ...

# स्वच्छता ही सेवा अभियान में शिविर हुआ

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वभाव स्वच्छता : संस्कार स्वच्छता थीम पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि शिविर के उद्‌घाटन सत्र में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेन्दा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्वलित कर 'स्वच्छ भारत मिशन' पर उद्‌बोधन दिया। इस सत्र में स्वयंसेविकाओं व अन्य छात्राओं द्वारा स्वच्छता के संदर्भ में भाषण, गीत, कविता प्रस्तुत किए गए।




स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शिविर का आयोजन किया गया।

द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने डॉ. रानू वार्ष्णेय के निर्देशन में गोद ग्राम मगरी का बालाजी, नुवा में श्रमदान किया।

श्रमदान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने मंदिर परिसर की साफ सफाई की तथा पौधों के लिए क्यारियां बनाई तथा वृक्षारोपण किया। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाओं द्वारा जलपान ग्रहण करने के पश्चात प्लास्टिक कचरा संग्रहण व निस्तारण का कार्य किया गया। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि स्वयंसेविकाएं व अन्य छात्राएं अपने आसपास के क्षेत्र, गली, मोहल्लों से प्लास्टिक कचरा एकत्रित करके लाई, जिसका निस्तारण गड्ढा खोदकर किया गया।

समापन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का सामूहिक गान किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत महाविद्यालय में शपथ कार्यक्रम, निबंध लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। व्याख्याता विजयलक्ष्मी कुमावत द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## वार्ड 3(
## के बाद

भास्क

शहर के वार्ड नगर में सीवरे बाद करीब 9 तक सड़क कं पर मंगलवार प्रशासन के जताया। वार्डव करीब 9 माह लाइन डालने खोदा गया था जाने के बाद की ओर से न ही सीवरेज ने वापस आ ली। इस कार का घरों से

...रामजतन चौधरी, जगदीश कुर्डिया, प. दिनेश शास्त्री, पं. प्रभु शास्त्री आदि ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## भाषण प्रतियोगिता में मोलिका बराला प्रथम

**रूपनगढ़।** स्थानीय स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में बुधवार



को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में दिवेर विजय स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत महाराणा प्रताप : एक आदर्श व्यक्तित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने बताया कि प्रतियोगिता में बीए सेमेस्टर प्रथम की छात्रा मोनिका बराला ने प्रथम स्थान व प्रज्ञा मीणा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में लगभग 35 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की। महाविद्यालय प्रबंधन समिति सचिव डॉ बी एल देवेन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्रभारी रमेश मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तीन जगह सर्प को किया रेस्क्यू

# हिंदी दिवस मनाया

रूपनगढ़| रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव डॉ. बी.एल. देवेन्दा व अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने की।

इस अवसर पर प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है हमें इस पर गर्व होना चाहिए । महाविद्यालय में हिंदी दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अंजू ,ज्योति खोरवाल ,लीला जाजोरिया व बीए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा निशा, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कोमल वैष्णव व शकुंतला ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी । अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आगंतुक अतिथियों एवं समस्त छात्राओं को हिंदी दिवस में शुभकामना देकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

न

म



अध्यक्ष
ा बाल्दी,
भंसाली,
प्रभारी
प्रहलाद
या सहित
र्यक्रम का
ए जितेन्द्र



जलझूल

बांदनवा
मंगलवा
निकले
मुख्य म
मन्दिर
राठौड़
भ्रमण के
गाजे-बा
भजन
बेवाण
गोपीनाथ
मन्दिर,
कंठ मनि
किशोरना
मन्दिर,
विभिन्न
में भ्रमण
गया तत
भजन की
एक दूस

# ले, पंचायत

दिल्ली स्थित इंडियन सोसायटी ऑफ इंटरनेशनल लॉबी के कृष्णन मेनन भव
में आयोजित प्रथम वैश्विक सांस्कृतिक समरसता समन्वय सम्मेलन स
विचार प्रजेंटेशन 2024 के अवसर पर यह सम्मान दिया गया।

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम ने दूसरे दिन भी जांची व्यवस्थाएं




रूपनगढ़। रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में नैक पियर टीम के चेयरपर्सन प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य प्रोफेसर जगन कराडे, सदस्य डॉ संगीता घाटे ने दूसरे दिन मंगलवार को भी निरीक्षण किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि टीम ने महाविद्यालय में भौतिक सुविधाओं जैसे सुरक्षा-परामर्श केंद्र, रैंप रेल, कौशल विकास केंद्र आदि का निरीक्षण किया तथा वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन आदि प्रणाली के बारे में समीक्षा की। पियर टीम ने महाविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों, प्रकोष्ठों के प्रमुखों के साथ बैठक कर संवाद स्थापित किया। तत्पश्चात स्पोर्ट्स ग्राउंड, खेल कक्ष में खेल सामग्री का भौतिक निरीक्षण किया व खेल प्रभारी श्री लक्ष्मण सिं से इस संबंध में जानकारी हासिल की। टीम ने अवलोकन के बा आंतरिक गुणवत्ता, आश्वासन, प्रकोष्ठ समन्वयक एवं समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य के साथ अपने विचार और सुझाव साझा कि इसके बाद टीम ने रिपोर्ट को अंतिम रूप प्रदान कर सुरक्षित एवं गोपनी रूप से लिफाफे में सील बंद किया। एक्जिट मीटिंग में टीम ने समस्त संकाय सदस्यों से अपने विजिट के अनुभव साझा किए अ महाविद्यालय में आगामी नैक मूल्यांकन के लिए महत्वपूर्ण सुधार ए क्रियाकलापों के बारे में सामान्य विचार रखें। महाविद्यालय सचिव डॉ एल देवेंदा द्वारा सभी टीम सदस्यों को स्मृति चिन्ह दिए।

# आंगनवाड़ी केंद्र पर पोषण सप्ताह

...में छेद हो ... छिद्र हो जाता है। डॉ. शिखा ने बताया कि ये वीवीएफ ... ट्रांस एब्डोमिनल रुट से वीवीएफ का सफल ऑपरेशन किया गया।

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम ने निरीक्षण किया

भास्कर न्यूज | रूपनगढ़

रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की पियर टीम ने निरीक्षण किया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि पूर्व में महाविद्यालय द्वारा भेजी गई जानकारी का भौतिक सत्यापन नैक की पियर टीम द्वारा महाविद्यालय में किया जा रहा है।

प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि नैक पियर टीम के चेयरपर्सन भागलपुर यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रोफेसर विभाष चंद्र झा, संयोजक सदस्य शिवाजी यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र के प्रोफेसर जगन कराडे तथा सदस्य उमिया आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज गुजरात की प्राचार्य डॉ. संगीता घाटे का स्वागत पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में उपस्थित होकर छात्राओं ने लोकगीत एवं तिलक द्वारा किया। इसके बाद प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय की संपूर्ण आधारभूत जानकारी और उपलब्धियों का




रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में सोमवार को पियर टीम के समक्ष छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात नैक टीम को विभागाध्यक्षों द्वारा अपनी उपलब्धियां पर प्रजेंटेशन दिया गया। नैक पियर टीम ने एनएसएस रूम, कंप्यूटर लैब, भूगोल लैब का निरीक्षण कर सभी विषयों की विभागों में जाकर निरीक्षण किया और अध्यापकों, छात्राओं, भूतपूर्व छात्राओं और अभिभावकों से संवाद स्थापित किया। महाविद्यालय प्रबंधन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फराह और मीना शेखावत द्वारा अतिथियों को राजस्थानी संस्कृति से अवगत कराया गया। छात्राओं द्वारा विभिन्न लोकगीतों, कालबेलिया नृत्य, घूमर आदि प्रस्तुतियां दी गई। यह टीम दो दिवसीय दौरे पर आई है। इस टीम प्रथम दिवस था। अंत में महाविद्यालय सचिव डॉ. बी एल देवेन्दा द्वारा सभी का आभार व्यक्त

विभाग के कमरा नम्बर 312 में पदभार ग्रहण करेगा।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार पांच से

जयपुर। स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय केकड़ी, अजमेर, बीएसएन कॉलेज सांगानेर, जयपुर और सावित्रीबाई फुले ऑर्गेनाइजेशन फॉर एकेडमिक रिसर्च एंड सोशल डेवलपमेंट संस्थान की ओर से 'भारत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति' विषय पर दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय सेमिनार पांच सितम्बर से राजकीय महाराज आचार्य संस्कृत कॉलेज के सभागार में होगा। संगोष्ठी के संरक्षक एवं विवेकानंद कॉलेज के सचिव डॉ. बीएल देवन्दा ने बताया कि संगोष्ठी में देश-विदेश के 500 प्रतिभागी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर विचार मंथन करेंगे। संगोष्ठी 6 तकनीकी सत्रों में होगी।

धर्मशाला में मोहनलाल खण्डेलवाल एंड पार्टी द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड की चौपाइयों का गायन किया जायेगा।

## विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थियों



के लिए निःशुल्क चिकित्सा एवं दंत रोग निदान शिविर लगाया गया। एकदंत डेंटल एंड कॉस्मेटिक क्लिनिक द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित शिविर में डॉ. शुभम वैष्णव द्वारा दांत एवं त्वचा स्वास्थ्य की जांच करके आवश्यक दवाएं निःशुल्क वितरित की गई। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा व प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने बताया कि कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों में भी दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता देखी गई। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

## बाल संसद का गठन

तहसीलदार व सरपंच। - मीनाक्षी खंडेलवाल

# रूपनगढ़ में स्वतंत्रता दिवस का उपखंड स्तरीय समारोह

**रूपनगढ़।** स्थानीय शाला खेल मैदान पर उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण उपखंड अधिकारी मनोज चौधरी, प्रधान रामचंद्र थाकण ,तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज, थाना प्रभारी भंवर सिंह राव और सरपंच हाजी इकबाल छीपा ने संयुक्त रूप से किया। स्थानीय ग्राम सेवक सहकारी समिति में अध्यक्ष तेजाराम कुमावत, उपाध्यक्ष नौरतमल जयपुरिया और व्यवस्थापक बिरदी चंद कुमावत ने , पनेर दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति डेयरी पर अध्यक्ष शांतिलाल ढेल और सदस्य रामेश्वर जाजड़ा ने ध्वजारोहण किया। राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रधानाचार्य सावित्री मालपानी ने , सुरसुरा उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य मधु भांड ने ध्वजारोहण किया। मेवाड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में झंडारोहण संचालक ईश्वरमल, प्रधानाचार्य सुनील शर्मा व आर. के. लूनीवाल ने किया। अजमेर डिस्कॉम के सहायक अभियंता मुख्यालय पर चेतन प्रकाश सतरावला ने , जलदाय विभाग पर सहायक अभियंता अटल मलिक ने, सीता मुखिया मेमोरियल विद्यालय पर किरण मुखिया ने , विवेकानंद स्कूल में दुर्गेश व्यास तथा राई का बाग स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में डॉ. बी एल. देवेन्दा , बजरंग लाल भाकर , प्रभारी रमेश मीणा व प्राचार्य डॉ. रेणु वार्ष्णेय व डॉ. कोमल पारीक ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज व ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सरपंच हाजी इकबाल छीपा ने झंडारोहण किया तथा कार्यक्रम में उपसरपंच मुकेश प्रजापति, गुर्जर समाज अध्यक्ष श्रवण गुर्जर, पंचायत सदस्य कमल जांगिड़, सुमित्रा बियानी, नंदकिशोर सिंघाड़िया, नंदराम माली और नंदा राम बावला आदि भी उपस्थित थे।स्थानीय राजकीय चिकित्सालय पर प्रभारी डॉ. संजय प्रजापति, डॉ. राजेश बागड़ा, डॉ. गणपत यादव, पुरुषोत्तम शर्मा, पंकज मुखिया, रूपाराम, विशाल मिश्रा , अरुणा कुमावत आदि ने ध्वजारोहण किया। ग्राम सुरसुरा के विजयश्री पब्लिक स्कूल में मुकेश शर्मा, लोकेश शर्मा , प्रधानाचार्य देवाराम जाट, निदेशक मंगलचंद माली और सचिव लोकेश माली ने ध्वजारोहण किया। पींगलोद पंचायत भवन पर सरपंच संघ के अध्यक्ष और सरपंच शिवराज पप्पू डोडवाड़िया ने , कोटडी पंचायत पर प्रेम देवी बिजारणियां , देवाराम बिजारणियां व कांग्रेस नेता भंवर बिजारणियां आदि ने ध्वजारोहण किया। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खाजपुरा में प्रधानाध्यापक श्रवण लाल बावरी और चेंतन नंगलिया ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ध्वजारोहण किया।

## लूनीवाल हुए उपखंड स्तर पर सम्मानित

**रूपनगढ़।** मेवाड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय रूपनगढ के विद्यार्थी मोहित राजेन्द्र लूनीवाल को उपखंड स्तर पर दसवीं बोर्ड परीक्षा में ९८.३३अंक



प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। स्थानीय शाला खेल मैदान पर गुरुवार को हुए स्वतंत्रता दिवस के उपखंड स्तरीय समारोह में लूनीवाल को तहसीलदार कीर्ति भारद्वाज और रूपनगढ़ थाना प्रभारी भंवर सिंह राव ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर कर सम्मानित किया। इसी क्रम में छात्रा सोनाक्षी रिमझिम वैष्णव सुपुत्री स्व.हेमन्त किरण वैष्णव को ९३% अंक प्राप्त करने पर राजस्थान सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर टेबलेट देकर सम्मानित किया गया। राजकीय महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल सावित्री मालपानी ने रिमझिम को सम्मानित

है। प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन 27 अगस्त को किया जाएगा। प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन 8 अगस्त को कर दिया गया है तथा 10 अगस्त से शिक्षण कार्य प्रारंभ होगा।

## छात्राओं को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**रूपनगढ़।** राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शपथ समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेंदा व प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने सभी को कार्यक्रम की थीम "विकसित भारत का मंत्र - भारत हो नशे से स्वतंत्र" से अवगत कराया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह द्वारा सभी को शपथ ग्रहण करवाई गई। कार्यक्रम में डॉ. रानू वार्ष्णेय, रमेश मीणा, मीना कंवर, राधेरानी तिवारी, सुनीता चौधरी व एनएसएस स्वयंसेविकाओं समेत विद्यार्थी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## कृष्ण घाट पर सहस्रधारा का आयोजन

... आलिवा उच्च माध्यमिक विद्यालय, अग्रवाल राजकीय ... कणोवट सहित अन्य मौजूद थे।

# हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत पौधारोपण किया

**अराई।** हरियाली तीज के अवसर पर हरियालो राजस्थान-एक पेड़ मां के नाम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों ने \'एक पेड़ मां के नाम\' के तहत एक-एक पौधा लगाया और देखरेख की जिम्मेदारी का संकल्प लिया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर विनोद सैनी ने कहा कि पौधरोपण करने के साथ उनका संरक्षण भी जरूरी है ।

इस अवसर पर सीएंचसी में डॉक्टर विनोद सैनी, डॉक्टर सुधा रानी जीनगर, वरिष्ठ लिपिक अशोक लखारा, लेब टेक्नीशियन रवि राव, शिवजी माली, रवि सैन, जयपाल सिंह, एकता, कृष्णकांत काला सहित अस्पताल स्टाफ ने छायादार पौधे रोपे एव उनकी देखरेख का जिम्मा लिया गया। इसी प्रकार राउमावि दादिया राष्ट्रीय सेवा योजना प्लस 2 स्तर की स्वयं सेवकों, विद्यालय के छात्र छात्राओं, एसडीएमसी के सदस्य, अभिभावकों और विद्यालय परिवार ने पेड़ पौधें लगाए। जन समुदाय को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करने व जागृति लाने के उद्देश्य से मुख्य मार्गो से होते हुए नारों के साथ रैली निकाली गई। कार्यक्रम अधिकारी लादू राम जाट ने एन एस एस स्वयंसेवकों को अधिकाधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया। रैली का शुभारंभ उप प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया। सुभाष चन्द्र जोशी, पार्वती, दीपक दाधीच, आशा रानी तंवर, पवित्रा कंवर, बसराज जाट, रामदयाल सिंह राठौड़, प्रमिला, सुखपाल चौधरी, लक्ष्मण नेहरा, राजकुंवार जाट, पन्ना लाल खर्रा, दिनेश कुमार शर्मा और सावित्री देवी शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ ने वृक्षारोपण किया।



अराई में पौधरोपण करते हुए।



रूपनगढ़ अभियान का प्रारंभ किया गया।

**रूपनगढ़।** रूपनगढ़ में बुधवार को स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत \'एक पेड़ मां के नाम\' वृक्षारोपण अभियान का प्रारंभ किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पौधारोपण हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एनएसएस स्वयंसेविकाओं एवं अन्य विद्यार्थियों ने पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा धारण कर महाविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता व जोश के साथ भाग लिया और परिसर को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह ने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है बल्कि इसे निरंतरता और देखभाल की आवश्यकता होती है। उन्होंने सभी से एक पेड़ मां के नाम से लगाने का अनुरोध किया । कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

... पौधे लगाए। चंपालाल ... आग्रह किया कि कम से कम एक ... दौरान रमेश सेन, अविनाश सेन,

प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णय व डॉ. कोमल पारीक ने पौधरापेण किया।

**दिलवाड़ी।** हरियालो राजस्थान अभियान के तहत

अधिकारियों को भी दिशा निर्देश दिए ... नगर अध्यक्ष रामस्वरूप भाटी ने ज्यादा से ... के लिए प्रेरित किया।

म तहसीलदार
ौके पर ब्लॉक
ाड़, मगनीराम

ने क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और बीसलपुर पानी की सप्लाई में देरी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन

उपाध्यक्ष दीपक पाराशर, मोहसिन आजाद, महासचिव रामचंद्र मुंड, पूरण मल मौर्य, राजू लखन, मुकेश राव, राजू लंगा, रामदेव गुर्जर आदि मौजूद थे।

# सीनियर ने नव प्रवेशित छात्राओं का किया स्वागत




रूपनगढ़। राई का बाग क्षेत्र स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेन्दा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर द्वारा मां सरस्वती के चित्रपट समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक ने ऐसे आयोजनों से छात्राओं में आपसी सहयोग व समझ की भावना का विकास होता है। कार्यक्रम में बीए द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा तिलक व मिठाई खिलाकर नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा ग्रुप डांस, सोलो डांस व मिमिक्री प्रस्तुत की गई। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने महाविद्यालय में वर्ष भर होने वाली गतिविधियों से छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आभार व्यक्त किया।

# ंड में होगा उपखंड स्तरीय समारोह

# कारगिल विजय दिवस : शहीद सैनिकों की याद में पौधरोपण









ज किशनगढ़। राजकीय उच्च क विद्यालय में शुक्रवार को न विजय दिवस की 25वीं पर श्रद्धांजलि सभा का न किया गया। देश रक्षा के सर्वोच्च बलिदान, अदम्य साहस का परिचय देने वाले को 2 मिनट के मौन के से श्रद्धांजलि अर्पित की होंने देश की रक्षा हेतु अपने ो न्योछावर कर दिया। इस में 4 परमवीर चक्र ों,10 महावीर चक्र ों व 70 वीर चक्र ों को याद किया गया। इस कूल के एसडीएमसी के सहित विद्यार्थी व क भी उपस्थित रहे और ी श्रद्धांजलि सभा में भाग ात्र यशवंत व जयदीप ने गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पवन कुमावत, नरेंद्र पुरोहित, नीरज पारीक, भावदीप भाड़ा, गोविंद गुप्ता, विजय सोनी, नोरथ नाथ, नितेश कुमावत, विजय डावरिया, गंगाराम जाट, विनोद भार्गव,मोहम्मद फारूक, एनसीसी प्रभारी दीपक गुर्जर, एनएसएस प्रभारी मन्नालाल जाट आदि उपस्थित थे।

प्रेसीडेंसी विद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वीर शहीदों की वीरता की गाथाओं से अवगत कराते हुए उनमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्य और समर्पण की भावना पैदा करना था। प्रधानाचार्या महेंद्रा कंवर के निर्देशन में विद्यालय के कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया जिसमें पीपीटी प्रदर्शन, पोस्टर बनाना, प्रश्नोत्तरी, कार्ड बनाना सहित रोचक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने इस दिन के महत्व को समझा। कक्षा पांचवीं के विद्यार्थी ने अपनी अध्यापिका के साथ पोलो क्लीनिक (आर्मी) अजमेर गए जहां विद्यार्थी वीर सेनानियों से भी मिले। उन्होंने कारगिल युद्ध में वीरता से हिस्सा लिया। सम्मानित सेनाधिकारी ऑफिसर इंचार्ज कर्नल हरिसिंह राठौड़, लेफ्टिनेंट कर्नल एकलव्य टांक, सूबेदार मेजर रामकरण, कैप्टन एचएस पंवार ने विद्यार्थियों को कारगिल विजय के बारे में विशेष जानकारी दी।

**रूपनगढ़।** रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कोमल पारीक एवं डॉ. रानू वार्ष्णेय ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। व्याख्याता मीना कंवर ने बताया, कि हमारी सेना के सिपाहियों में देश के प्रति जो जुनून और प्यार है वह किसी भी देश की सेना में नहीं है। इसलिए हम कारगिल विजय में शहीद हुए सैनिकों को सम्मान देने के लिए यह दिवस मनाते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी फराह के निर्देशन में महाविद्यालय में शहीद सैनिकों की याद में पौधरोपण किया गया। स्वयं सेविका तनुश्री, रवीना, आंचल, भावना ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियां दी। अंत में महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

**बांदरसिंदरी।** बाल भारती शिक्षण संस्था नलू में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। डायरेक्टर जगदीश बाना ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में कारगिल में शहीद दयाल गुर्जर की पत्नी गुमान देवी और भारतीय सेना में कार्यरत विष्णु राज सिंह रहे। मुख्य अतिथियों ने बच्चों को देश के वीर जवान कारगिल में शहीद हुए जवानों व उनकी वीरगति के बारे में बताया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ड्रिल सलामी दी गई और अन्य कई प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस दौरान कोच गोरधन प्रसाद डाबरिया, प्रधानाचार्य राधेश्याम, विष्णु, कानाराम माली, सलीम मोहम्मद, गणपत माली, रोहित साहू, नीलू चौधरी, कमलेश सेन, सीमा जांगिड़ व रणजीत चौधरी आदि मौजूद रहे।

## दाय विभाग का निजीकरण करने के विरोध में

## मेगा ट्रेड फेयर में लोग

## आयुर्वेद विभाग

### मर्यादा पुरुषोत्तम राम एक वैश्विक आदर्श विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# 'राम राज्य की अवधारणा ही सुशासन की कल्पना'

पत्रिका
पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रूपनगढ़. सावित्रीबाई फुले अकादमी शोध संस्थान जयपुर एवं स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम राम एक वैश्विक आदर्श विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अयोध्या के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित संगोष्ठी का शुभारंभ विवि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल, अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, महंत मिथिलेश नंदनी शरण, महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया।



रूपनगढ़. मर्यादा पुरुषोत्तम राम एक वैश्विक आदर्श विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में मंचासीन अतिथि व अन्य।

संगोष्ठी के प्रथम दिवस मुख्य वक्ता मिथिलेश नंदनी शरण महाराज ने कहा कि भगवान राम सार्वभौमिक है तथा उनके चरित्र का पालन हर युवा से अपेक्षित है। दूसरे दिन के विशिष्ट वक्ता उड़ीसा के प्रो. सुदीप्त ने कहा कि राम राज्य की अवधारणा ही सुशासन की कल्पना है। डॉ. रानू वार्ष्णेय ने कहा कि राम के जीवन से कुशल प्रबंधन व टीमवर्क की सीख ले सकते हैं। सुश्री फराह ने भारतीय संविधान पर राम के जीवन आदर्शों का प्रभाव विषय पर पत्र वाचन किया। संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्रों में देश भर से लगभग 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा ऑनलाइन व

...की नीलामी की कार्यवाही की जानी है ...को भूखण्डों की ऑनलाइन नीलामी ...में नीलाम किए जाने वाले 14 भूखण्डों ...समय पांच बजे समाप्त होगी।

होने के दौरान धन से मोह ... तथा ब्रह्मचर्य का पालन करें। संयमित रूप से भोजन ग्रहण करें ताकि शारीरिक व्यवस्थाएं बेहतर बनी रहे।

# विवेकानंद कॉलेज का दल गया अयोध्या




**रूपनगढ़।** राई का बाग स्थित स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय के दल ने अयोध्या में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में हिस्सा लिया। डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में सावित्रीबाई फुले अकादमी शोध संस्थान जयपुर एवं स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ के संयुक्त तत्त्वावधान में "मर्यादा पुरुषोत्तम राम : एक वैश्विक आदर्श" विषय पर अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल, अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, सिद्धपीठ श्री हनुमत निवास के महंत मिथिलेशनंदिनी शरण महाराज, महाविद्यालय सचिव डॉ. बीएल देवेंदा एवं अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता मिथिलेश नंदिनीशरण महाराज व विशिष्ट वक्ता उड़ीसा के प्रोफेसर सुदीप्त ने राम राज्य की अवधारणा ही सुशासन की कल्पना पर प्रकाश डाला। विवेकानंद महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने उपयोग जानकारी दी। सुश्री फराह द्वारा भारतीय संविधान पर राम के जीवन आदर्शों का प्रभाव विषय पर पत्रवाचन किया गया। विभिन्न शोधार्थियों ने संगोष्ठी में विचार प्रस्तुत किए। समापन सत्र में कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर सुचिता पांडे, कमल किशोर सैनी एवं रमेश मीणा ने कहा कि राम का चरित्र लोक मानस का आदर्श चरित्र है। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर कोमल पारीक ने आभार जताया।

## ...से बचने के लिए करते हैं चातुर्मास'

आचार्य सुनील सागर ने संमति समोशरण में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जो नहीं मिलता फिर भी उसे प्राप्त कर लें, वह पुण्यात्मा जीव होता है। जीवन में पुण्य करते रहना चाहिए। समय की बचत करनी चाहिए। समय का सही प्रबंधन करने पर ज्यादा लाभ मिलता है। चातुर्मास आत्म कल्याण का सारथी है। साधु संत हिंसा से बचने के लिए चातुर्मास करते हैं। चातुर्मास में तपस्वियों से तप करना सीखना चाहिए। चातुर्मास त्याग का पर्व है। चातुर्मास को देह कल्याण का नहीं आत्म कल्याण का साधन बनाओ। उन्होंने कहा कि चातुर्मास में भोगों की नहीं, धर्म की प्रभावना करनी चाहिए। साधना तप करने के लिए

...र्यक्रम में शामिल श्रद्धालु।

आधुनिक संसाधनों से बचना चाहिए। तप, ध्यान, साधना एवं पूजा पाठ करने से पुण्यर्जन होता है। जितना जीवन सादा होगा जीवन में तनाव उतना कम होगा।

जरूरत पड़ने पर सहयोग करना चाहिए। प्रचार प्रसार प्रभारी संजय जैन ने बताया कि सन्मति समोशरण में धर्मसभा का शुभारंभ आर.के. मार्बल ग्रुप के चेयरमैन अशोक पाटनी, प्रबंध निदेशक सुरेश पाटनी, पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, मंत्री सुभाष बडज़ात्या, उपाध्यक्ष दिलीप कासलीवाल, सहमंत्री राजेश पांड्या, कोषाध्यक्ष चेतनप्रकाश पांड्या, आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल, मंत्री विनोद चौधरी, संजय पापड़ीवाल, त्रिलोकचंद गोधा, विशाल ठोल्या, कुमार भावनगर ने

के वात्सल्य भोज प्रदाता परिवार समीरमल, धर्मचंद, अशोक कुमार, इंद्रचंद, नितेश, अनिल, मनोज, जितेंद्र, गोलू, मनन, गुड्डू, विधान पाटनी ऊंटड़ा वालों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन बसंत वेद ने किया। दोपहर में सामयिक, प्रतिक्रमण शाम को पण्य पूच्छा (शंका समाधान) व आरती की गई।

**आचार्य विद्यासागर सागर को दी विनयांजलि** : आचार्य विद्यासागर की दीक्षा जयंती पर आचार्य सुनील सागर ससंघ के सान्निध्य में विनयांजलि सभा की गई। आचार्यश्री ने आचार्य विद्यासागर की महिमा का गुणगान किया। प्रचार प्रसार प्रभारी संजय जैन ने बताया कि सभा में आर.के. मार्बल ग्रुप के चेयरमैन अशोक पाटनी, पंचायत अध्यक्ष विनोद पाटनी, आदिनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष प्रकाश गंगवाल एवं संजय पापड़ीवाल ने अपने विचार रखे।

# अयोध्या रवाना होंगी महाविद्यालय की छात्राएं

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रूपनगढ़.** स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ एवं अन्य महाविद्यालयों के संयुक्त तत्वावधान में एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन अयोध्या यूपी के संत कबीर सभागार में किया जाएगा। सेमिनार को लेकर गुरुवार को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रामनिवास ने ब्रोशर जारी किया। प्रभारी रमेश मीणा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़, बीएसएन कॉलेज जयपुर, सावित्रीबाई फुले ऑर्गेनाइजेशन फॉर एकेडमिक रिसर्च एंड सोशल



रुपनगढ़. अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के लिए ब्रोशर जारी करते।

डेवलपमेंट जयपुर एवं बीएनके बीपीजी कॉलेज अंबेडकर नगर यूपी के संयुक्त तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम राम एक वैश्विक आदर्श पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। सेमिनार में भाग लेने के लिए रूपनगढ़ से महाविद्यालय की छात्राएं एवं प्रवक्तागण 14 जुलाई को प्रात: बस से अयोध्या रवाना होंगे। महाविद्यालय की छात्राएं सेमिनार में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगी।

कॉलेज के सचिव एवं सेमिनार के संरक्षक डॉ बी.एल. देवेंदा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भारत एवं विदेशों से अनेक नामचीन शिक्षाविद, शोधार्थी व छात्र-छात्राएं भाग लेंगे एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम एक वैश्विक आदर्श पर अपना निष्कर्ष प्रस्तुत करेंगे।